एक नजर में

मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम को लेकर मंदसौर-नीमच का संयुक्त प्रशिक्षण

मंदसौर। वर्षा ऋतु में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आईपीपीएस प्रशिक्षण केंद्र में मंदसौर एवं नीमच जिले का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में दोनों जिलों के सुपरवाइजर, एमपीडब्ल्यू, एएनएम एवं मलेरिया इंस्पेक्टर शामिल हुए। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस सहित अन्य वाहक जनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं शून्य मृत्यु दर के लक्ष्य को प्राप्त करना है। प्रशिक्षण में उज्जैन के जिला मलेरिया अधिकारी दिनेश्वर ससौदिया ने डेंगू एवं जापानी इंसेफेलाइटिस की रोकथाम, जबकि नीमच के जिला मलेरिया अधिकारी अल्पेश वारिया ने मलेरिया एवं फाइलेरिया के प्रबंधन और उपचार संबंधी जानकारी दी। डॉ. दीपा पाठक ने क्षेत्रीय स्तर पर सर्वे, बचाव एवं नियंत्रण के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को वर्षा काल में जलभराव रोकने, लार्वा नष्ट करने, समय पर सर्वे करने तथा संदिग्ध मरीजों की शीघ्र पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

तक्षकेश्वर महादेव मंदिर में पुजारी संघ की बैठक सम्पन्न, भव्य सम्मेलन पर हुई चर्चा

भानपुरा। अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज पुजारी संघ, भानपुरा की बैठक श्री तक्षकेश्वर महादेव मंदिर, नावली में आयोजित हुई। बैठक में तहसील क्षेत्र के बड़ी संख्या में पुजारियों ने भाग लेकर संगठन विस्तार, पुजारियों की समस्याओं तथा आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। तहसील अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने कहा कि पुजारी संघ का उद्देश्य सभी पुजारियों को एकजुट कर संगठन को मजबूत बनाना तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करना है। गरोठ तहसील अध्यक्ष अशोक बैरागी ने बताया कि निकट भविष्य में दुधाखेड़ी माताजी परिसर में देश-प्रदेश के संत-महात्माओं की उपस्थिति में भव्य पुजारी सम्मेलन आयोजित करने की योजना पर विचार किया गया। बैठक में ताखाजी मंदिर के पुजारी राजेश जोशी ने मंदिरों की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाते हुए शासन से मंदिरों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा पुजारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग की। इस अवसर पर पुजारी संघ द्वारा भानपुरा तहसील के विनोद कुमार शर्मा का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। बैठक में विभिन्न मंदिरों के पुजारी एवं संघ के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सीए के छात्रों के लिए ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण

मंदसौर। आईसीएआई सीए शाखा मंदसौर द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 78वें सीए दिवस के उपलक्ष्य किया गया। इस अवसर पर मंदसौर शाखा के नवीन परिसर एवं सीए विद्यार्थियों के लिए निर्मित नि:शुल्क एयर कंडीशन्ड लाइब्रेरी का लोकार्पण किया गया।

शाखा जो कि पूर्व में जैन कॉलेज परिसर में थी उसे अरिहंत टॉवर स्थित रामटेकरी कॉर्नर फर्स्ट फ्लोर नवीन शाखा परिसर में स्थानांतरित किया गया है। इस समारोह के दौरान राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर ने नवीन शाखा भवन और विद्यार्थियों के लिए निर्मित वातानुकूलित लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए वर्ष 2026-27 की मैनेजिंग कमेटी द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। सीए दिवस के अवसर पर पौधारोपण, रक्तदान शिविर, गौशाला में गौसेवा एवं मैराथन सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें संस्था के सदस्यों ने सहभागिता की।

आयोजन में शाखा उपाध्यक्ष सीए नितेश भदादा, सचिव सीए अर्पित मेहता, कोषाध्यक्ष सीए रितेश पारिख तथा सीए अर्पित नागर का सराहनीय सहयोग रहा। संस्था द्वारा सीए सदस्यों एवं उनके परिवारों के लिए सुंदरवन लाइफ एडवेंचर पार्क में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रमों के सफल आयोजन में शाखा उपाध्यक्ष सीए नितेश भदादा, सचिव सीए अर्पित मेहता, कोषाध्यक्ष सीए रितेश पारिख तथा सीए अर्पित नागर, सीए दिनेश जैन, सीए राजेश मंडवारिया, सीए विकास भंडारी, सीए आयुष जैन, सीए रोहन सोमानी, सीए अर्पित रत्नावत, सीए सुबोध सिंहल, सीए नयन जैन, सीए जय विजयवर्गीय, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। अंत में सीए अर्पित मेहता ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर पहुंचे नाहरगढ़, कार्यकर्ताओं से मिले

मंदसौर। जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर शनिवार सुबह नाहरगढ़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील माली सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर हाल ही में नाहरगढ़ थाने में हुई घटना के संबंध में चर्चा की।

गुर्जर ने कहा कि अन्याय किसी भी व्यक्ति के साथ हो चाहे वह कांग्रेस का कार्यकर्ता हो या कोई सामान्य नागरिक कांग्रेस उसके विरुद्ध पूरी मजबूती के साथ आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि संविधान की भावना के अनुरूप प्रत्येक नागरिक को सम्मान और न्याय मिलना चाहिए तथा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। गुर्जर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे समाज में होने वाले हर अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध एकजुट होकर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद करें। कांग्रेस सदैव जनहित, न्याय और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश धनगर फौजी, जिला पदाधिकारी बालेश्वर पाटीदार समरथ गुर्जर ओम प्रकाश राठौर, हरिओम मण्डलोई, तुलसीराम राठौर, पंकज बसेर, पंकज कटारिया, पंकज जाट, प्रकाश जाट, अयूब बक्श, ओम राठौर, नाहरु शाह, नाथूलाल चौधरी सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मंदसौर में सजेगा बाबा श्याम का दरबार पशुपतिनाथ परिसर में भजन संध्या आज

मंदसौर। भगवान पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर में आस्था और भजनों की एक भव्य शाम सजने जा रही है। शहर के पशुपतिनाथ परिसर स्थित हॉल में आज 5 जुलाई, रविवार को बाबा श्याम की भव्य भजन संध्या का गरिमामयी आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक उत्साह से भरपूर इस कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे से होगी, जिसमें बाबा श्याम के दीवाने और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति रस का आनंद लेंगे।

इस भव्य धार्मिक उत्सव का आयोजन श्री श्याम भजन मंडल रतलाम के सहयोग से किया जा रहा है, जिनके भजनों की प्रस्तुति से पूरा परिसर श्याममय हो उठेगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मंदसौर का सुरेश चंद्र दवे परिवार है, जो इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी श्रद्धा के साथ जुटा हुआ है। आयोजन समिति और दवे परिवार ने क्षेत्र के सभी श्याम प्रेमियों और धर्मप्राण जनता से भावभरा निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस भजन संध्या में पधारें। श्रद्धालु यहाँ बाबा श्याम के अलौकिक व आकर्षक श्रृंगार के दर्शन कर सकेंगे और साथ ही परिसर में प्रज्वलित होने वाली दिव्य ज्योत की पावन उपस्थिति में सुमधुर भजनों का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकेंगे।

सेंट पॉल स्कूल में छात्र परिषद का गठन, छात्र प्रतिनिधियों ने ली शपथ

मंदसौर। सेंट पॉल स्कूल, मंदसौर में विद्यार्थियों की विद्यार्थी संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के मैनेजर फादर बीजू, प्राचार्य फादर बिबिन, उपप्राचार्या सिस्टर सिंसीमारिया, निर्मल ज्योति विशेष विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर अन्सिलीन उपस्थित थे।

विद्यालय की उपप्राचार्या सिस्टर सिंसीमारिया द्वारा मुख्य अतिथि मैनेजर फादर बीजू का स्वागत किया गया। प्राचार्य फादर बिबिन द्वारा नवीन कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई गई एवं विद्यार्थियों को अपनी जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों के निर्विघ्न हेतु मार्गदर्शित किया गया। नवीन कार्यकारिणी में हेड बॉय अहमद रजा, हेड गर्ल ज़ेहरा खान, ब्लू हाउस कैप्टन हसनैन रज़ा, वाइस कैप्टन तसमिया, ग्रीन हाउस कैप्टन अशरान अली, वाइस कैप्टन सीफत, रेड हाउस कैप्टन अक्षय, वाइस कैप्टन बरिरा, येलो हाउस कैप्टन अली अजमत, वाइस कैप्टन अदीबा, अनुशासन सचिव रुद्र और मरियम, भाषा सचिव देवांश और काजिमा, कक्षाओं के अनुसार मॉनिटर और मॉनिटर्स इन सभी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा चयनित किया गया एवं संपूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर फादर बीजू जो कि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे उन्होंने विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देकर अवगत कराया। संचालन शिक्षक दीपक सिंह मोहनिया और अनीस खान द्वारा किया गया एवं आभार शिक्षक अभिषेक सेठिया ने माना। इस कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी शिक्षिका श्रीमती प्रिया खाबिया द्वारा दी गई।

सकल जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष बने संजय जैन, रोटरी क्लब ने किया सम्मान

मंदसौर। सकल श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ, मंदसौर के अध्यक्ष पद पर रोटरी क्लब मंदसौर के सचिव रोटे. संजय जैन (श्वेता) के मनोनयन पर रोटरी क्लब परिवार में हर्ष का वातावरण रहा। इस अवसर पर क्लब द्वारा उनका पुष्पमालाओं एवं दुपट्टा ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने कहा कि रोटे. संजय जैन (श्वेता) वर्षों से सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने विभिन्न संस्थाओं में महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाजहित में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनकी संगठन क्षमता, मिलनसार व्यक्तित्व एवं सेवा भावना को देखते हुए विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सकल श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ नई ऊर्जा के साथ समाज के हित में कार्य करेगा तथा सामाजिक एकता, धार्मिक संस्कार एवं जनसेवा को नई दिशा मिलेगी। संजय जैन (श्वेता) ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए जिम्मेदारी और प्रेरणा दोनों है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन की गरिमा, परंपराओं एवं मूल्यों के अनुरूप सेवा, सहयोग और विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के क्लब अध्यक्ष रोटे. अनिल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष रोटे. प्रमोद कीमती, रोटे. राकेश दोषी, रोटे. सीए दिनेश जैन, रोटे. राधेश्याम झवर, रोटे. सुधीर लोढ़ा, आगामी अध्यक्ष रोटे. रितेश भगत, ग्रुप सह सचिव रोटे. अजय नागोरी, रोटे. विवेक जैन सहित बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी सदस्यों ने रोटे. संजय जैन (श्वेता) का अभिनंदन करते हुए उनके सफल एवं यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

नीमच

एक नजर में

नीमच के लेवड़ा तालाब में डूबने से किशोर की मौत, दोस्तों के साथ नहाने गया था, ग्रामीणों ने शव देखा, पुलिस जांच में जुटी

नीमच। शहर के बघाना थाना क्षेत्र अंतर्गत लेवड़ा तालाब गांव में शुक्रवार को एक 15 वर्षीय किशोर की पानी में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने जब तालाब में एक शव देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बघाना थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 15 वर्षीय अरशद, पिता फारुख खान के रूप में हुई है, जो बघाना में कब्रिस्तान के पास का रहने वाला था। 108 एंबुलेंस के पायलट रमेशचंद्र पाटीदार और ईएमटी प्रतिभा लोधा ने शव को जिला अस्पताल भेजने में मदद की। नहाने के दौरान हुआ हादसा या कोई और वजह, जांच जारी शुरुआती जानकारी के अनुसार, अरशद अपने 3-4 दोस्तों के साथ तालाब में नहाने के लिए गया था। बघाना पुलिस का कहना है कि किशोर वहां सिर्फ नहाने गए थे या उनके साथ कोई और अनहोनी हुई, यह पूरी तरह जांच का विषय है। पुलिस ने शुक्रवार देर शाम मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस हादसे के असली कारणों का पता लगाने में जुटी है।

स्वामी विवेकानंद के आदर्श युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत : विधायक दिलीप सिंह परिहार

नीमच। युगदृष्टा, राष्ट्रऋषि एवं युवा प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर शनिवार को नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर विधायक श्री परिहार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन, उनके विचार एवं राष्ट्रसेवा का संदेश आज भी युवाओं को चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण कर ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र भटनागर, कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विश्वदेव शर्मा, मंडल अध्यक्ष दारासिंह यादव, राजेश बैरागी, लोकेश चांगल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अमन बैरागी, नगर मंत्री शुभम बागड़ी, खेलो भारत के प्रमुख जतिन शर्मा सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र एवं समाज की सेवा करने के संकल्प के साथ हुआ।

नीमच को दिल्ली-मुंबई से जोड़ेगी नई रेल परियोजना

नीमच। मध्य प्रदेश के नीमच जिले के लिए बहुप्रतीक्षित नीमच-नंदुरबार नई रेलवे लाइन परियोजना अब गति पकड़ती नजर आ रही है। लगभग 380 किलोमीटर लंबी यह महत्वाकांक्षी रेल परियोजना मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र को एक नए रेल कॉरिडोर से जोड़ते हुए क्षेत्रीय विकास की नई इबारत लिखने जा रही है। रेल मंत्रालय द्वारा परियोजना की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है और वर्तमान में फाइनल लोकेशन सर्वे एवं डिटेल इंजीनियरिंग का कार्य तेजी से चल रहा है।

इस परियोजना के पूरा होने के बाद नीमच की रेल कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आएगा। यह नया रेल मार्ग भविष्य में दिल्ली-मुंबई के बीच एक वैकल्पिक और अपेक्षाकृत छोटा रेल कॉरिडोर बनने की संभावना भी रखता है, जिससे यात्रियों और माल परिवहन दोनों को लाभ मिलेगा।

चार राज्यों को जोड़ेगी नई रेल लाइन: प्रस्तावित रेलवे लाइन की शुरुआत नीमच रेलवे जंक्शन से होगी। इसके बाद यह रेल मार्ग मध्य प्रदेश के मंदसौर क्षेत्र से होते हुए राजस्थान के प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा, फिर गुजरात के झालोद और दाहोद तथा अंत में महाराष्ट्र के शहादा होते हुए नंदुरबार रेलवे जंक्शन तक पहुंचेगा। सर्वे के बाद मार्ग में कई नए रेलवे स्टेशन विकसित किए जाने की भी संभावना है।

लगभग 7 हजार करोड़ रुपये की परियोजना: इस परियोजना पर लगभग 7 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। तकनीकी सर्वे एवं इंजीनियरिंग कार्य पूर्ण होने के बाद अंतिम लागत, स्टेशनों की संख्या और निर्माण की रूपरेखा तय की जाएगी। यह लाइन विशेष रूप से आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों को पहली बार व्यापक रेल नेटवर्क से जोड़ने का कार्य करेगी।

किसानों-उद्योगों को मिलेगा लाभ: नई रेलवे लाइन बनने से क्षेत्र के किसानों को कृषि उत्पादों के परिवहन के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी और उन्हें बड़े बाजारों तक आसान पहुंच प्राप्त होगी। व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी, स्थानीय उद्योगों को परिवहन लागत में राहत मिलेगी तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, दाहोद और शहादा जैसे क्षेत्रों में पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर विकसित होने की संभावना है। इसके अलावा रेलवे लाइन के निर्माण एवं संचालन के दौरान स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे जीवनस्तर सुधरेगा।

प्लॉस्टिक मुक्त दिवस पर भारत विकास परिषद का जागरूकता अभियान

नीमच। अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद, सुभाष शाखा, नीमच द्वारा शहर की सब्जी मंडी में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान के तहत आम नागरिकों को 400 कपड़े की थैलियां नि:शुल्क वितरित की गईं। साथ ही नागरिकों से सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद कर पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने की अपील की गई।

अभियान के दौरान परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सब्जी मंडी में खरीदारी करने पहुंचे लोगों से संवाद करते हुए प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण, जल स्रोतों, पशु-पक्षियों और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में कपड़े या अन्य पुन: उपयोग योग्य थैलियों का इस्तेमाल शुरू कर दे, तो प्लास्टिक प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

परिषद के पदाधिकारियों ने नागरिकों से बाजार जाते समय कपड़े की थैली साथ रखने की आदत विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं और जनसहभागिता के बिना प्लास्टिक मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। अभियान के दौरान लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े की थैलियों का उपयोग करने का संकल्प लिया।

अफीम तस्करी के मुख्य आरोपी अशोक व्यास को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

नीमच। अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एनडीपीएस कोर्ट जावद ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अफीम की खेप मंगवाने वाले मुख्य आरोपी अशोक व्यास को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट जावद श्री विनोद कुमार पाटीदार ने आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1 लाख 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने यह निर्णय मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), इलेक्ट्रॉनिक एवं साइबर साक्ष्यों तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर सुनाया।

जिला एवं विशेष लोक अभियोजक श्री चंचल बाहेती ने बताया कि 8 अक्टूबर 2020 को भारत सरकार के स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की मंदसौर इकाई को गुप्त सूचना मिली थी कि नीमच से चित्तौड़गढ़ की ओर एक सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट कार में 3 से 4 किलोग्राम अवैध अफीम का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एनसीबी की टीम ने नयागांव टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर वाहन को रोका। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड के नीचे छिपाकर रखे गए दो पैकेटों से अवैध अफीम बरामद की गई।

कार में सवार मनोहर सिंह गुर्जर एवं भारत सिंह राठौर को मौके पर गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि

एक नजर | **27 जुलाई को निकलेगी गौ रथ यात्रा**

गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर बनाई रणनीति

नीमच। गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर देशभर में संचालित राष्ट्रीय स्तर के गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत शनिवार को नीमच सिटी स्थित सांवरिया सेठ मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संतों, गौसेवकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की तथा 27 जुलाई को जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित गौ रथ यात्रा और ज्ञापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी का आह्वान किया।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में नंद बाबा प्रकाश नारायण गिरी उपस्थित रहे। उनके साथ स्वामी गौ शरणानंद सरस्वती, सांवरिया सेठ मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राजेंद्र पुरोहित सहित बड़ी संख्या में संत, गौसेवक और श्रद्धालु मौजूद रहे। स्वामी गौ शरणानंद सरस्वती ने बताया कि गौ सम्मान आह्वान अभियान पूरे देश में संत समाज के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गौ माता को सम्मान दिलाना, गौ हत्या पर प्रभावी केंद्रीय कानून बनाए जाने की मांग उठाना तथा गौ संरक्षण के लिए व्यापक जनजागरण करना है। संत, गौसेवक और गौभक्त इस अभियान से लगातार जुड़ रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 27 जुलाई को देश के 790 जिलों में एक साथ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टरों के माध्यम से सौंपे जाएंगे।